भारत सरकार
श्रम और रोजगार मंत्रालय
लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या-4332
सोमवार, 22 मार्च, 2021/1 चैत्र, 1943 (शक)

इंजीनियरिंग/चिकित्सा क्षेत्र में रोजगार

†4332 एडवोकेट अजट भट्टः

क्या **श्रम और रोजगार** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) रोजगार के सृजन हेतु वर्तमान प्रशिक्षण संबंधी और अन्य योजनाओं का ब्यौरा क्या है और क्या ये योजनाएं लोगों को रोजगार प्रदान करने में सहायता कर रही है;

(ख) क्या इंजीनियरिंग और चिकित्सा क्षेत्र में रोजगार के अवसरों में कमी आई है; और

(ग) ऐसे युवाओं की संख्या कितनी है, जो अपनी शिक्षा पूरी करने के बाद प्रत्येक वर्ष सरकारी और निजी क्षेत्र में रोजगार की तलाश करते हैं तथा उनकी सफलता की दर के आंकड़े क्या हैं?

उत्तर
श्रम और रोजगार राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार)
(श्री संतोष कुमार गंगवार)

(क) एवं (ख): सरकार देश के युवाओं को कौशल विकास प्रशिक्षण प्रदान कराने हेतु विभिन्न योजनाएं कार्यान्वित कर रही हैं। कौशल विकास और उद्यमशीलता मंत्रालय (एमएसडीई) प्रधान मंत्री कौशल विकास योजना (पीएमकेवीवाई), जन शिक्षण संस्थान (जेएसएस) योजना तथा अल्प-कालिक प्रशिक्षण हेतु राष्ट्रीय शिक्षुता संवर्धन योजना तथा दीर्घ-कालिक प्रशिक्षण हेतु औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थाओं (आईटीआई) के माध्यम से शिल्पकार प्रशिक्षण योजना (सीटीएस) का कार्यान्वयन कर रहा है। इसके अतिरिक्त, ग्रामीण विकास मंत्रालय दीन दयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल्य योजना (डीडीयू-जीकेवाई) तथा ग्रामीण स्व-रोजगार प्रशिक्षण संस्थान (आरएसईटीआई) योजनाओं का कार्यान्वयन कर रहा है जबकि आवास एवं शहरी कार्य मंत्रालय दीनदयाल अंत्योदय योजना-राष्ट्रीय आजीविका मिशन (डीएवाई-एनयूएलएम) का कार्यान्वयन कर रहा है। उपर्युक्त योजनाओं के तहत 2016-17 से प्रशिक्षित अभ्यर्थियों एवं उपलब्ध सूचनानुसार नियोजितों की संख्या निम्नानुसार हैः

क्र.सं.	योजना	प्रशिक्षित अभ्यर्थी (लाख में)	नियोजित अभ्यर्थी (लाख में)
1	पीएमकेवीवाई	**106.96**	**18.95**
2	जेएसएस*	**10.96**	**-**
3	एनएपीएस*	**9.90**	**-**
4	सीटीएस*	**52.98**	**-**
5	डीडीयू-जीकेवाई	**7.84**	**5.49**
6	आरएसईटीआईज	**17.67**	**13.92**
7	डीएवाई-एनयूएलएम**	**4.72**	**2.74**

*जेएसएस, एनएपीएस एवं सीटीएस योजनाएं अभ्यर्थियों के नियोजन को मॉनिटर नहीं करती हैं।

**आंकड़े वि.व. 2018-19 से 2020-21 तक हैं।

देश में एआईसीटीई से संबंद्ध विभिन्न सरकारी एवं निजी इंजीनियरिंग महाविद्यालयों एवं संस्थानों से स्नातक करने वाले इंजीनियरिंग स्नातकों की संख्या के साथ-साथ विगत तीन वर्षों के दौरान कैम्पस भर्ती प्रक्रिया में रोजगार पाने वाले स्नातकों के प्रतिशत का ब्यौरा **अनुबंध** में दिया गया है।

(ग): राष्ट्रीय प्रतिदर्श सर्वेक्षण कार्यालय, सांख्यिकी एवं कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय द्वारा 2017-18 एवं 2018-19 के दौरान आयोजित किए गए आवधिक श्रम बल सर्वेक्षण (पीएलएफएस) के परिणामों के अनुसार, देश में 15 वर्ष एवं उससे अधिक के व्यक्तियों की सामान्य स्थिति (प्रमुख स्थिति+सहायक स्थिति) आधार पर बेरोजगारी की अनुमानित दर क्रमशः 6.0% एवं 5.8% है।

*****

<u>अनुबंध</u>

लोक सभा के दिनांक **22.03.2021** के अतारांकित प्रश्न संख्या **4332** के भाग (क) एवं (ख) के उत्तर में उल्लिखित अनुबंध

संस्थान	**इंजीनियरिंग स्नातकों की संख्या**			**स्नातकों की प्रतिशतता जिन्होंने कैम्पस भर्ती प्रक्रिया में रोजगार प्राप्त किया**		
	2016-17	**2017-18**	**2018-19**	**2016-17**	**2017-18**	**2018-19**
एआईसीटीई संबद्ध सरकारी इंजीनियरिंग कॉलेज/संस्थान	**102,454**	**106,231**	**103,483**	**33.02**	**32.17**	**46.09**
एआईसीटीई संबद्ध निजी इंजीनियरिंग कॉलेज/संस्थान	**768,158**	**705,533**	**701,302**	**45.43**	**36.80**	**53.52**